॥ ऊँ श्री सद्गुरू देवाय नमः॥ ॥ ओ३म् ॥ ॥ जय माता दी ॥ ॥ श्री सीताराम ॥ जय बाबा की ॥ श्याम बाबा ॥
॥ उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ ॥ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्॥
आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥ ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं,श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥




केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 165 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦22 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन घट स्थापना के साथ मां भगवती के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा का विधान है। इन्हें प्रकृति की देवी भी कहा जाता है।

## दुधमुही बच्ची के साथ फांसी पर झूली महिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के रेखमबाड़ी मोहल्ले में संदिग्ध हालातों में एक महिला ने अपनी नौ माह की बेटी की हत्या के बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी। घटना क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि महिला की दिमागी हालत ठीक नहीं थी जिसके चलते उसके दिमाग का उपचार भी चल रहा था। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से थाना तिलहर गांव सरेली जिला शाहजहां पुर निवासी मिथलेश कुमार यहां रेशमबाड़ी मोहल्ले में अपने बड़े भाई के साथ रहता है। उसके साथ उसकी पत्नी सुनैना और नौ माह की बेटी भी रहती थी।मिथलेश ई रिक्शा चलाता है।बताया गया है कि बीती रात वह 8 बजे अपना ई रिक्शा लेकर घर से निकाला। रात दस बजे वह खाना खाने घर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर वह किसी तरह अंदर घुसा तो देखा पत्नी फंदे पर लटकी थी और उसने नौ माह की बेटी को भी अपने साथ फंदे पर लटका लिया था। दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। आस पास के लोग मौके पर एकत्र हो गये। सूचना पर कोतवाल विक्रम राठौर,एसएसआई केसी आर्य, चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी, महेन्द्र कुमार,गणेश सिंह, महिला कांस्टेबल गंगा आदि मौके (शेष पृष्ठ सात पर)





## संदिग्ध हालातों में महिला की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा बस्ती में एक महिला ने संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा इमली मोहल्ला निवासी 30 वर्षी सोनी पत्नी रवि की बीती रात संदिग्ध हालातों में घर पर मौत हो गयी। किसी ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोनी की मौत बिमारी की वजह से हुयी (शेष पृष्ठ 7पर)

## गरीबों को उजाड़ रही अमीरों की सरकार:माहरा

### व्यापारियों को उजाड़ने के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आज यहां पार्टी के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ प्रशासन के निर्देश पर एनएच विभाग द्वारा उजाड़े गये सैकड़ों व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिया कि कांग्रेस उनकी लड़ाई को गंभीरता के साथ लड़ेगी और उन्हें पुर्नवास होने तक संघर्ष जारी रखेगी। श्री माहरा ने प्रशासन की कार्रवाई पर गहरा दुःख व्यक्त किया। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने भगत सिंह चौक में व्यापारियों के समर्थन में कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते (शेष पृष्ठ सात पर)






## ऐतिहासिक चैती मेले का हुआ शुभारंभ

काशीपुर(उद संवाददाता)।मां भगवती बाल सुंदरी के मंदिर में बुधवार को ध्वजारोहण से काशीपुर के ऐतिहासिक चौती मेले का शुभारंभ किया गया। पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत और पंडा परिवार ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। बुद्धवार की पूर्वाह्न 11 बजे पंडित दयाशंकर जोशी ने मंत्रोचार के साथ पूजन किया। इसके पश्चात पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, आदि ने हवन पूजन कर मंदिर की परिक्रमा की और मंदिर में ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को भारतीय नव वर्ष तथा चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और प्रार्थना की कि माँ दुर्गा के 9 अवतार सभी जनमानस को 9 दिव्य गुणों का आशीर्वाद दें, जिसमें शक्ति, खुशी, मानवता, शांति, ज्ञान, भक्ति, प्रसिद्धि और स्वास्थ्य आदि शामिल हों। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि माता हमेशा नागरिकों के जीवन में सभी समस्याओं (शेष पृष्ठ सात पर)







# प्रथम नवरात्र पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

रूद्रपुर/काशीपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के प्रथम नवरात्र पर्व पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां शैलपुत्री की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयाजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर





कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे । साथ ही शंति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। **काशीपुर–** नवरात्रि के पावन मौके पर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान घंटे घड़ियालों की गूंज से जहां एक और इलाका भक्तिमय हो उठा वहीं दूसरी ओर मां के असंख्य भक्तों ने उपवास रखकर मां की पूजा अर्चना करते हुए घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इसी तरह नवरात्र के पावन मौके पर क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन भी कराए जा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि चौत्र शुक्ल पक्ष के नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर चौती मेला मैदान स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, गिरीताल स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर, खड़कपुर देवीपुरा स्थित मां खोखरा देवी मंदिर, माता मंदिर रोड स्थित मां शीतला देवी मंदिर, आवास विकास स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर समेत क्षेत्र की दर्जनों मंदिर व शक्तिपीठों में सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं द्वारा माता की पूजा अर्चना को लेकर भारी भीड़ देखी जा रही है। मां दुर्गा के उपासकों ने सुबह सवेरे स्नान ध्यान के पश्चात घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित कर गंगाजल से मां का अभिषेक करते हुए माता को अक्षत सिंदुर व लाल पुष्प अर्पित किया। इस दौरान श्रृंगार के लिए चुनरी सिंदूर इत्र बिंदी लाल चुड़ी मेहंदी काजल आदि से श्रृंगार के उपरांत प्रसाद के रूप में माता को फल व मिष्ठान चढ़ाए गए। इसी के साथ धूप दीप जलाकर हवन करते हुए माता के भक्तों ने दुर्गा चालीसा का पाठ किया और मां की आरती उतारी। माता पार्वती का एक नाम शैलपुत्री भी है। उनकी सवारी बैल है। माता शैलपुत्री एक हाथ में त्रिशूल तो दूसरे हाथ में कमल धारण करती है। माता के मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित है। मान्यता है कि सच्चे दिल से मां शैलपुत्री की आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। कलश में रोली गंगाजल सिक्का आदि डालकरआम के पत्ते का पल्लव उस पर रखते हुए नारियल में कलावा बांधकर बाकायदा घरों में कलश स्थापित किया गया। इसी तरह मिट्टी के पात्र में श्रद्धालुओं ने नवरात्र के प्रथम दिन जो भी होते।

## सिडकुल कर्मी की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी क्षेत्र में स्थित स्कूल के बाहर खड़ी सिड़कुल कर्मी की मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में तेज राम पुत्र स्व. केवल राम निवासी गंगापुर जदीद रामपुर हाल निवासी आदर्श कालोनी वार्ड नंबर 36 ने कहा है कि वह ब्रिटानिया कम्पनी सिडकुल में काम करता है। 19 मार्च को मध्य रात्रि उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एवाई 4665 सरस्वती विद्या मंदिर के पास लॉक लगाकर खड़ी थी। जब वह प्रात: 5 बजे के ड्यूटी जाने के बाहर आया तब उसकी मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नही थी। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चारों ने उड़ाया माल वाहक वाहन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने किच्छा बाईपास मार्ग पर खड़ा वाहन चोरी कर लिया। सुखवन्त सिंह पुत्र दिलबाग सिंह निवासी ग्राम बडरा कासिमपुर, फरीदपुर हाल निवासी शन्ति कालोनी, भदईपुरा, ने कहा है कि उसका एक वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या पीबी 07 सीए 9893 जो कि कागजात में हरप्रीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के नाम पर दर्ज है को 7 मार्चकी रात्रि साई मंन्दिर, खेड़ा के सामने खड़ा किया और खाना खाने चला गया था। कुछ देर बाद वह वापस आया तो देखा उक्त वाहन अपने स्थान पर नही था। जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत

रामनगर( उद संवाददाता)। मंगलवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी मैं जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बसई के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही उसकी शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है उन्होंने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# हिन्दू नव वर्ष पर भारत विकास परिषद ने निकाली प्रभात फेरी

गदरपुर (उद संवाददाता)। हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा/नवसंवत्सर के उपलक्ष में भारत विकास परिषद की ओर से प्रभात फेरी निकाली गयी। नगर के सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में भारत विकास परिषद









के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा नवसंवत्सर के उपलक्ष में भा0वि0प0 के शाखा अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।यह यात्रा सनातन धर्म मंदिर से प्रारम्भ होकर अनाजमंडी,पंजाबी कालोनी ,आवास विकास,गुलरभोज रोड, सकैनिया मोड़ से नगर के मुख्य मार्ग होते हुए पुन: सनातन धर्म मंदिर में पहुंची जहां भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों एवं उपस्थित गणमान्य को नववर्ष की बधाई देते हुए मंगल कामना की। भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष प्रमोद गगनेजा ने कहा हिंदू संस्कृति हमेशा से विश्व गुरु के रूप में लोगों के दिलों में बसी हुई है। आज की युवा पीढ़ी जहां एक और विदेशी परंपरा को अपना रही है वहीं विदेशों में हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सनातन धर्म का प्रथम लहर रहा है और विदेशी लोग भारत की संस्कृति परंपरा को अपनाते हुए हिंदू नव वर्ष को मना रही है। उन्होंने कहा आज नवरात्रि का पावन दिन है वह समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि की मंगल कामनाओं के साथ बहुत बहुत बधाई देते हैं। भारत विकास परिषद के शाखा उपाध्यक्ष गौरव मदान ने हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के सुख समृद्धि एवं तरक्की की मंगल कामनाएं दी। उन्होंने कहा आज प्रभात फेरी में समस्त सनातनी हिंदुओं ने अपनी भागीदारी निभाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है वह सभी सनातनी भाइयों का दिल से आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने भारत विकास परिषद के इस अभियान को एवं नववर्ष की प्रभात फेरी को सफल बनाया। वहीं भारत विकास परिषद के सचिव प्रमोद बजाज ने भी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई दी उन्होंने कहा आज देश में सनातन धर्म बड़े-बड़े आयाम हासिल कर रहा है और भारत विकास परिषद सदैव इस नववर्ष को और अधिक उत्साह के साथ मनाता रहेगा।प्रभात फेरी में मुख्य रूप से पहुँचे रुद्रपुर इस्कॉन मंदिर से आए श्रद्धालुओं ने हरे रामा हरे कृष्णा की धुन पर समस्त श्रद्धालुओ एवं सनातनी भाई बहनों को झूमने पर मजबूर कर दिया ।सुबह सुबह हरे कृष्णा की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना, विधायक प्रतिनिधि राजेश उर्फ मिनी गुंबर, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर , डॉ अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा , उपाध्यक्ष गौरव मदान , लवली हुड़िया, सभासद परमजीत सिंह पम्मा ,संजीव झाम ,रोहित सुदामा, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा अशोक हुड़िया, पूर्व व्यापार मंडल पंकज सेतियाअध्यक्ष एस्कॉन ग्रुप रुद्रपुर,ज्योति ग्रोवर,संगीता ग्रोवर,अनिता बत्रा,मंजू गुम्बर, सीमा चौधरी ,राशि मदान ,मानसी सुखीजा, दीक्षा बजाज ,सरोज बजाज ,ज्योति छाबड़ा, सुनीता बजाज ,रूपा हुड़िया, जिगरजीत, प्रमिला पोपली ,पूनम ग्रोवर ,ममता ग्रोवर, ममता वाधवा, मोनिका अरोरा,विनिका छाबड़ा,अनिका छाबड़ा, पुनम भुसरी, मानवी मदान, निशा गगनेजा,मोनिका भड्डी,किरन भुड्डी, निशु ठक्कर,कृष्णा भड्डी,शोभा रानी आदि शामिल थे।

## ज्वेलर्स की दो दुकानों में हुई चोरी का खुलासा,जेवर सहित शातिर चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने ज्वेलर्स की दो दुकानों से लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी होने की घटनाओं का खुलासा करते हुए वारदात में शामिल एक शातिर चोर को चोरी के जेवर सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने एमबीपीजी कॉलेज के पास स्थित बन्सल ज्वैलेर्स से सोने की अंगूठी एवं तनिष्क ज्वैलेर्स से सोने के छुमके चुरा लिए थे। पुलिस द्वारा दोनों घटनास्थलों की तहकीकात की गयी। दोनो चोरी के सम्बन्ध में कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमें दर्ज किए गए। पुलिस टीम ने दोनों दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। दोनों घटनाओं में एक ही चोरी के गैंग के शामिल होनी की आशंका पर हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक द्वारा उनि प्रकाश पोखरियाल, प्रभारी चौकी भोटियापडाव के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। साथ ही



तलाशी हेतु एसओजी को भी लगाया गया। पुलिस टीम घटना में संलिप्त शातिर आरोपी को आवास विकास तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता संदीप कुमार पुत्र सुरेश चन्द निवासी गोलज्यू मंदिर के सामने आवास विकास कालोनी हल्द्वानी बताया। पुलिस टीम में प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव, उनि राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी, महिला उनि मंन्जू ज्याला, हेड कानि. इसरार नबी, हे. कमल पाण्डेय, कानि. संजीव कुमार, प्रकाश बडाल, दिनेश नगरकोटी, हेड कानि. कुन्दन कठायत एसओजी, कानि. भानू प्रताप, अशोक रावत शामिल थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

गदरपुर( उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी रविंद्र सिंह के निर्देशन में प्रसार प्रशिक्षण केंद्र रुद्रपुर में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसार प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी के एस परिहार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने विचार युवाओं के साथ साझा किए। विशेषज्ञों ने युवाओं से अपने-अपने क्षमता निर्माण पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए युवाओं ने वाद्य यंत्रों की ध्वनियों के साथ गीतों का गायन किया इसके अलावा सांस्कृतिक नृत्य भी किए गए। कार्यक्रम के समापन दिवस पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के अधिकारी हरीश पर्गाई द्वारा सभी युवा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देने के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण किया। नेहरू युवा केंद्र के उधम सिंह नगर के एपीए श्री रावत द्वारा युवाओं को तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त की गई बातों का महत्व बताते हुए उन्हें आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महिपाल, वर्तमान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सर्वेश्वर कुमार ,संगीता कुमारी, मुस्कान चावला, ज्योति कुमारी, मधु ,विभा ,कृष्ण कंबोज ,लक्ष्मी, मोनिस, पवन कुमार ,मोहम्मद जैकी ,सोनम, युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला ,खुशी कंबोज, जतिन, आकाश, प्रियंका, शिवम, गीतिका, मनीषा ,तनु ,ऐश्वर्या आदि युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085, 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर कल पंतनगर में

## 'एक साल नई मिसाल' की थीम में पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'एक साल नई मिसाल' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'जन सेवा' थीम पर 23 मार्च को प्रात: 11 बजे से गांधी हॉल पन्तनगर में जनपद स्तरीय बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी द्वारा की जायेगी। यह बात परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने विकास भवन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए कही। परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया कि बहुद्देशीय शिविर में आम जन को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की उपलब्धता, विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली जनोपयोगी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाओं का वितरण आदि सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य की राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अपराह्न लगभग 12:30 बजे सम्बोधित किया जायेगा। जिसको सजीव प्रसारण के द्वारा गांधी हॉल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी प्रसारित किया जयेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जलपान आदि की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखण्ड की



लोक परम्पराओं, लोक नृत्य, लोक गायन, लोक कला जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 23 मार्च, 2023 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के अतिरिक्त दिनांक 24 मार्च से दिनांक 30 मार्च तक श्जन सेवा थीम पर प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर भी बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड मुख्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र जसपुर में 24 मार्च को जिसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में 25 मार्च को जिसके लिए महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में 26 मार्च को जिसके लिए जिला सहायक निबन्धक सहकारिता को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में 27 मार्च को जिसके लिए सहायक निदेशक मत्स्य को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर में 28 मार्च को जिसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र किच्छा में 30 मार्च को जिसके लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में 29 मार्च को जिसके लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता में 30 मार्च को जिसके लिए मुख्य उद्यान अधिकारी को नोडल अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र खटीमा में 29 मार्च को जिसके लिए मुख्य कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। बैठक में जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ई -राशन कार्ड बनाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ई राशनकार्ड बनाने का काम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपयों की ठगी करने वाले फरार शातिर ठग को मुखानी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी कमलुवागांजा मुखानी द्वारा थाना मुखानी में 29 जनवरी 2022 को रपट दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्त गणों के द्वारा अपनी, युवा शक्ति कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड,



लखनऊ नाम की फर्म का टेक महिंद्रा कंपनी के साथ ई -राशन कार्ड बनाने का फर्जी एग्रीमेंट दिखाकर और ई -राशन कार्ड बनाने का काम दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 15 लाख रुपए की ठगी की गई है। रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम द्वारा फरार अभियुक्त कविंद्र चंद पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम हयूपानी पो.ओ. पाभै तहसील /थाना कोतवाली पिथौरागढ़, हाल निवासी- निकट आईटीआई घोसीकुआं, अमाऊ थाना कोतवाली खटीमा जिला उधम सिंह नगर को भाखड़ा पुल के पास कालाढूंगी रोड थाना मुखानी से गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में उनि अनिल कुमार प्रभारी चौकी आम्रपाली, कानि. कुन्दन शाही, धीरज सुगड़ा शामिल थे।

# चनौदा और कौसानी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप

कौसानी/सोमेश्वर (उद संवाददाता)। चनौदा क्षेत्र के एक दर्जन गांवों, चनौदा बाजार तथा कौसानी के आधे हिस्से में विद्युत आपूर्ति ठप है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासा परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। विद्युत आपूर्ति ठप होने से सरकारी तथा गैर सरकारी कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जबकि पिछले 12 घंटों से क्षेत्र में लगातार बरसात हो रही है। बरसात के कारण तापमान में गिरावट आने से ठंड भी बढ़ गई है। वही विद्युत आपूर्ति बाधित होने का असर मिनी स्विट्जरलैंड कौसानी पर भी पड़ रहा है,यूपीसीएल के अवर अभियंता केएस नेगी का कहना है कि चनौदा कौसानी लाइन में कहीं फॉल्ट आने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद है। विभागीय कर्मचारी फॉल्ट ढूंढने में लगे हुए हैं। बताते चलें कि चनोदा क्षेत्र में अक्सर विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है आजकल छात्रों के बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। और विद्युत व्यवस्था चरमराने से छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।वही कौसानी में आए दिन विजली के साथ पानी की कमी के चलते पर्यटकों को पेयजल समस्या से दो चार होना पड़ता है,होटल व्यवसाईयों ने पर्यटकों को बेहतर व्यवस्थाए देने के लिए साफ सफाई जरूरी होती है, सभी होटल व्यवसाईयों को दुरुस्त श्रोतों सेनिजी साधनों से महंगे दामों पर टैंकरों से पानी ढोना पड़ता है, इससे पर्यटकों को भी परेशानिया उठानी पड़ती है, होटल व्यवसाईयो ने जिला प्रशासन और जल संस्थान से सभी होटलों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की है, होटल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी ने जल्द सुचारू पेयजल व्यवस्था नही किए जाने पर पेयजल बिल जमा नही करने और पर्यटकों को इसके लिए सरकार की अनदेखी के लिए फीड बैक लिखाने की बात कही।

# गूगल रीड अलोंग ऐप लॉन्च

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी के द्वारा गूगल रीड अलोंग ऐप लॉन्च किया। विकास भवन सभागार में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत रीड अलोंग एप्प (गुगल) का शुभारंभ किया गया। इस एप्प के जरिए बच्चों की बुनियादी शिक्षा में विकास होगा, इस मोबाइल एप्प के माध्यम से ऑडियो और वीडियो द्वारा बच्चों के पढ़ाई में आसानी होगी। साथ ही अभिभावकों, शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और समाज के अन्य लोगों रीड अलोंग एप्प में कहानी देख कर बच्चों को पढ़ाने के लिए आसान तरीका हुआ। परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में इस एप्प का लॉन्चिंग हुआ, इस अवसर पर डिस्ट्रीक्ट लीड आशीष भटनागर ने पीपीटी के माध्यम से एप्प पर ओरिएन्ट किया गया। वर्कशॉप में जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे, साथ ही पिरामल फाउंडेशन/एडीसी से डिस्ट्रिक लीड आशीष भटनागर, प्रोग्राम लीड शुएब अहमद और गांधी फैलोज प्रियंका ठाकुर, स्वप्निल जाधव और अहमर परवेज उपस्थित रहे। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि वे अपने अधिकारियों और टीम के साथ ब्लॉक स्तरीय बैठक के माध्यम से इस एप को इंस्टॉल कराना सुनिश्चित करे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी कर्मियों का कार्य बहिष्कार कल से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन जनपद नैनीताल उधमसिंह नगर द्वारा अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कल से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है। इस संदर्भ में यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी तथा सचिव शुभम सिंह ने सहकारी समितियां उत्तराखंड निबंधक को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ समय से विभागीय अधिकारियों द्वारा सहकारी समिति कर्मियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बार बार वार्ता के बाद भी समाधान नहीं निकला। जिससे कर्मचारियों में रोष आर है। मांगों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सी 57 2003 नियम को तत्काल निरस्त किया जाए, अंधाधुंध प्रबंधकीय व्यय करने की जांच कर दोषी सचिव व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, इंबेलेंस के दोषी सचिव व विभागीय तथा बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, उत्तरी काशीपुर किसान सेवा सहकारी समिति लि. काशीपुर की वेतन सम्बन्धी समस्या का स्थाई समाधान किया जाए, बाजपुर प्रथम किसान सहकारी सेवा समिति लि. बाजपुर का माह जनवरी व फरवरी 2023 का वेतन शीघ्र आहरित किया जाए, पांचों कार्मिकों को पुन: केडर सचिव पद पर नियमानुसार समायोजित किया जाए व जिला सहायक निबंधक को तत्काल हटाया जाए। ऐसा न होने पर दोनों जनपदों के कार्मिक 23 मार्च से 25 मार्च तक बाहों पर काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्यों का बहिष्कार करेंगे। केवल किसानों का कार्य किया जायेगा। 26 से 28 मार्च तक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किए जायेंगे। यदि मांगे स्वीकार नहीं हुई तो 29 मार्च से पूर्ण तालाबंदी कर दी जाएगी।

# आईपीएल की तर्ज पर उत्तराखंड में धूम मचाएगी यूपीएल

## यूपीएल ट्रॉफी का अनावरण, टीमों की टीशर्ट के साथ हुआ यूपीएल का सॉन्ग रिलीज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जल्द ही आईपीएल जैसे रोमांच का मजा उत्तराखंड में भी ले सकेंगे। उत्तराखंड प्रो लीग प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रुद्रपुर के एक होटल से हुआ यहां पर 8 टीमों के ओनर ने अपने चहेते खिलाड़ियों की बढ़-चढ़कर वर्चुअल बोली लगाई। सबसे अधिक वर्चुअल बोली 30 लाख में आइकन खिलाड़ी को कृष्णा सातपुते (पुणे)को हल्द्वानी कैपिटल ने लिया और अंकुर सिंह (मुंबई)उधम सिंह नगर लॉयन ने और उत्तराखंड के सबसे अधिक महंगे खिलाडी रहे मनोज कुमार रस्तोगी जिनकी वर्चुअल बोली लगी 27 लाख बागेश्वर चौलेंजर्स ने लगाई। लीग के चेयरमैन डीबी चंद बताया लीग की खास बात यह है कि इसमें टेनिस की बॉल से लीग होगा। इस लीग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ। उत्तराखंड के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म की।उत्तराखंड प्रो लीग के चेयरमैन ड़ीबी चंद्र ने बताया उन्होंने अपने प्रदेश उत्तराखंड के युवाओं को क्रिकेट में आगे लाने का बीड़ा उठाया। उनका सपना है कि उत्तराखंड के युवाओं को क्रिकेट में एक बेहतर प्लेटफार्म देना व उत्तराखंड के युवाओं को इंडियन क्रिकेट टीम में शीर्ष पदों पर देखना। अगले साल इस लीग को पूरे उत्तराखंड में कराएंगे 13 जिलों के नाम से टीमें होंगी उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुमाऊं मंडल के 6 जिलों से आठ टीमों हैं जिनके ओनर के नाम हैं हल्द्वानी कैपिटल टीम के ओनर डॉक्टर लता जोशी, उधम सिंह नगर लॉयन टीम के ऑनर तेजेंद्र पाल सिंह , रुद्रपुर किंग टीम के ओनर प्रकाश चंद्र, नैनीताल टाइगर टीम के ओनर राजेंद्र पाल,अल्मोड़ा इलेवन टीम के ओनर नागेश चंद ,बागेश्वर चौलेंजर्स टीम के ओनर नगमा खान, पिथौरागढ़ पैंथर टीम के ओनर प्रवीण



ठाकुर, रॉयल चंपावत टीम के ओनर किशन चंद। इन टीमों का जोरदार व भव्य ऑक्शन और टीम के टी शर्ट के साथ साथ यूपीएल लीग का ऑफिशियल सॉन्ग का अनावरण रुद्रपुर के एक होटल में हुआ जिसमें 8 टीम के ओनर भी आए और अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का ऑक्शन के द्वारा 15 सदस्य टीम का चयन किया। 8 टीमों की सबसे खास बात यह रही कि बागेश्वर चौलेंजर्स टीम की ओनर एक महिला है नगमा खान है जो की दुबई बेस है जिन्होंने दुबई से आ करके बागेश्वर चौलेंजर्स टीम को खरीदा। डीबी चंद ने बताया उत्तराखंड प्रो लीग, चकाचौंध,और ग्लैमर का एक अद्भुत संयोजन होगा। लीग में उत्तराखंड से बाहर के 24 नेशनल स्टार टेनिस क्रिकेट खिलाड़ी भी शिरकत करेंगे। प्रत्येक टीम में 12 उत्तराखंडी खिलाड़ी व 3 नेशनल स्टार टेनिस क्रिकेट खिलाड़ी होंगे व कुल मिलाकर 15 खिलाड़ियों की टीम होगी। प्रत्येक टीम को लीग की तरफ से कोच व मेंटोर दिए गए हैं। लीग को और रोमांचित करने के लिए चीयरलीडर्स भी होंगी। टीम के खिलाड़ियों के ऑक्शन के बाद 8 टीम के बीच में मैच का मुकाबला 31 मार्च, 1 व 2 अप्रैल 2023 को रुद्रपुर के काशीपुर रोड में जैन ग्लोबल स्कूल के ग्राउंड में शुरू होंगे। लीग के सफल आयोजन के लिए मुंबई की अल्टीमेट स्पोर्ट्स इवेंट कंपनी को जिमेदारी सौपी गई है। जिसकी ओनर पल्लवी नायर हैं।इस लीग के ब्रांड एंबेसडर उत्तराखंड के समाज सेवी मुंबई बेस उत्तराखंड की खोज के नायक जगजीवन कन्याल ने भी इस लीग के कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान समाजसेवी दीपक पांडे, सी के जोशी, विक्की योगी, ललित चुफाल, विष्णु अधिकारी, पवन सहगल, नवीन चंद मौजूद रहे।




## राज्यपाल ने दी चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है साथ ही उन्होंने सभी को हिन्दू नववर्ष की भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की इस वर्ष हम चौत्र नवरात्रि को नारी शक्ति उत्सव के रूप में मना रहे हैं। आने वाले नौ दिन हम सभी माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा एवं आराधना करेंगे। उन्होंने कहा की यह पर्व हमारे लिए तभी पूर्णतः सार्थक होगा, जब हम समाज के हर क्षेत्र में बेटियों को बेटों के समान स्नेह, सम्मान और अवसर प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने माँ दुर्गा से सभी प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

## नारी शक्ति उत्सव के रूप मेंमनेगा नवरात्र पर्व

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रदेश केमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद में आज से प्रारंभ हुए नवरात्रि पर्व आगामी 30 मार्च तक ष्नारी शक्ति उत्सवष के रूप में मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि नारी शक्ति उत्सव के तहत जनपद के देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तमी, रामचरितमानस, देवी गायन, देवी जागरण आदि पाठ आयोजित कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद के पिथौरागढ़ स्थित उल्का मंदिर, विण स्थित कामख्या मंदिर, गंगोलीहाट स्थित हाट कालिका मंदिर, बेरीनाग स्थित कोटगाड़ी मंदिर, डीडीहाट स्थित नंदा देवी मंदिर, धारचूला स्थित कालिका मंदिर, मुनस्यारी स्थित नंदा देवी मंदिर, कनालीछीना स्थित चंडिका घाट मंदिर एवं मूनाकोट स्थित चंडिका धूरा मंदिर में आयोजित कराए जाएंगे।




























## श्री श्याम दरबार एवं निशान यात्रा की तैयारियां शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्याम मित्र मंडल रुद्रपुर की एक बैठक नवरंग वाटिका में हुई जिसमें 19 अप्रैल 2023 को 10वां बाबा श्याम का दरबार रुद्रपुर गल्ला मंडी में व सूरजगढ़ निशान यात्रा सिटी क्लब से कीर्तन स्थल गल्ला मंडी तक का आयोजन करने से संबंधित विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि भजन प्रवाहक संजय मित्तल कोलकाता,, अजय शर्मा जयपुर व श्रीमती खुशी जोशी हल्द्वानी श्याम दरबार में अपने भजनों से बाबा को रिझायेंगे। बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी गयी। इस अवसर पर रामकिशन शर्मा ,प्रवीण गोयल,मुकेश गोयल,सचिन अग्रवाल,तरुण कालरा, राजकुमार जैन, राकेश शर्मा, रमेश भुसरी, रोहित अग्रवाल,सत्यम कालरा, अनुज जिंदल, कैलाश यादव,सुधीर बंसल, राजू कश्यप,अमन सिंह,नरेंद्र रावत,मनोज गर्ग,मानस डुडेजा,गोविंद शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,कृष्ण कुमार वत्स, शशांक कालरा आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।



## प्रीत विहार में सिलाई कटिंग सेंटर का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच के महानगर अध्यक्ष उमेश भारती द्वारा संचालित महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति के तत्वाधान में उत्तराखंड बहुउद्देश्यीय वित्त विकास निगम द्वारा संचालित सिलाई कटिंग सेंटर का शुभारंभ भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार से ही आत्मनिर्भर बनेंगी और उन्हें घर व परिवार चलाने में मदद मिलेगी। स्वरोजगार से ही महिलाओं में आत्मनिर्भर बन अपने पैरों पर खड़े होकर जीवन जीने का सच्चा अनुभव प्राप्त होगा सिलाई कटिंग सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर भाईचारा एकता मंच के महानगर अध्यक्ष उमेश भारती व महिला सह संयोजिका ममता श्रीवास्तव ने सभी बालिकाओं व सेंटर की संचालिका को शुभकामनाएं दी। सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनिंग कामिनी कोली, कमला कोली, पूजा, संगीता, राधा, राखी, सपना, गीता, ललिता ,सुषमा, रोशनी, चिंकी, सुमन, गीता भारती, काजल, तनु ,नंदिनी, शिवानी ,आरती आदि मौजूद थीं।




समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष
एवं
पावन चैत्र
नवरात्र पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ समाजसेवी
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र एवं हिंदू वर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
Alaska
RESIDENCY
RUDRAPUR
सबका सपना घर हो अपना
A Premium Residential Township
आसान मासिक किश्तों में प्लॉट उपलब्ध
A.S. REALHOME DEVELOPERS PVT. LTD.
Mobile : 7055005311, 7055005313


समस्त
क्षेत्रवासियों
को हिंदू नव वर्ष
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सी.पी.शर्मा
कार्यकारी महानगर अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं पावन
चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Sunil Kalra
9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap
वनखण्डी नाथ नगर, सिडकुल रोड, ग्राम फुलसुंगी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
श्री शिव मन्दिर
मॉडल कालोनी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
सुशील अग्रवाल
अध्यक्ष
सुशील चीक
महामंत्री
ताराचन्द्र अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
एवं समस्त भक्त श्री शिव मंदिर, मण्डल कालोनी, रुद्रपुर


हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर,
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरूपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं०58, रुद्रपुर मो० 9917304466


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
जीवन राय
एडवोकेट
प्रदेश महामंत्री विधि प्रकोष्ठ, कांग्रेस


नव वर्ष
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ललित कुमार 'सीटू'
काका ट्रांसपोर्ट कम्पनी, रुद्रपुर


समस्त
क्षेत्रवासियों
को चैत्र नवरात्र
एवं हिंदू
नव वर्ष
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील चुघ
समाज सेवी, रुद्रपुर


समस्त
क्षेत्रवासियों
को हिंदूनव वर्ष
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुनील ठुकराल
मण्डल महामंत्री
भाजपा दक्षिणी
मण्डल,रुद्रपुर
गुरदास कलेक्शन
मेन मार्केट,मटके वाली गली, रुद्रपुर


हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के एकमात्र अधिकृत विक्रेता
HYUNDAI BINDAL HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal, M.D.
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand
Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन
चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
स्वास्तिक सोलवेन्ट
प्रोडक्टस इंडिया लिमिटेड
रामपुर रोड, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
To Words The Milk Solution
An ISO 9001-2008 Certified Company Three Export Award Winner
All Products for Animal only, not for human
S.P. SOLVENT LIMITED
Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Ph.: 05944-242600, Fax: 244565

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# शांति और स्थिरता

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में भारत की जैसी जगह बनी है, उस पर दुनिया के तमाम देशों की निगाह टिकी हुई है। इस लिहाज से देखें तो जापान के साथ प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित अन्य संबंधों की जमीन को और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक साझेदारी पर आगे बढ़ना भारत के लिए वक्त का तकाजा भी है। जापान के प्रधानमंत्री के ताजा भारत दौरे में एक बार फिर दोनों देशों के बीच सहयोग का सफर और आगे बढ़ा है। हालांकि जापान के साथ भारत के संबंध पहले भी आपसी सहयोग पर आधारित और सहज रहे हैं, लेकिन समय-समय पर होने वाले शिखर सम्मेलनों में इसे और मजबूती मिलती रही है। सोमवार को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बातचीत में सबसे अहम पहलू वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के विस्तार का संकल्प है, जिसे शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण कहा जा सकता है।साथ ही, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा और रक्षा उपकरण सहित प्रौद्योगिकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य और डिजिटल साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान दरअसल वक्त की जरूरत है। यह छिपा नहीं है कि बीते कुछ समय से विभिन्न स्तर पर चीन की ओर से जारी गतिविधियों की वजह से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। भारत के सामने वक्त रहते इस जटिलता को समझना और उसी मुताबिक अपने हित में कदम उठाना कई वजहों से जरूरी है। जापान के प्रधानमंत्री ने भी यह स्वीकार किया कि इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भारत अपरिहार्य है। आधुनिक तकनीकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जापान का दखल जगजाहिर रहा है। हालांकि अपनी क्षमता होने के बावजूद भारत को इसका अतिरिक्त लाभ मिलता रहा है, लेकिन रणनीतिक मोर्चे पर भी जापान के साथ सहयोग में मजबूती लाने की कोशिशों के संकेत समझे जा सकते हैं। यों भारत की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय पटल पर कानून के सम्मान पर आधारित है। पिछले कुछ सालों से वैश्विक परिदृश्य जिस तरह बदल रहा है, उसमें अलग-अलग देशों के बीच खड़े होने वाले नए समीकरणों का सिरा भविष्य में बनने वाली दुनिया से जुड़ा हुआ है। साफ देखा जा सकता है कि महाशक्ति माने जाने वाले से लेकर विकासशील देशों के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए ध्रुव बन रहे हैं और इस दिशा में अमूमन सभी देश सक्रिय हैं। इस बीच अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में भारत की जैसी जगह बनी है, उस पर दुनिया के तमाम देशों की निगाह टिकी हुई है। इस लिहाज से देखें तो जापान के साथ प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित अन्य संबंधों की जमीन को और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक साझेदारी पर आगे बढ़ना भारत के लिए वक्त का तकाजा भी है। इसके अलावा, दुनिया तेजी से जिस तकनीक आधारित व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, उसमें नई या आधुनिक प्रौद्योगिकी की अहमियत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। खासतौर पर तकनीक आधारित व्यवस्था में माइक्रोचिप पर निर्भरता जिस कदर बढ़ने वाली है, उसके मद्देनजर सेमीकंडक्टर और अन्य अहम प्रौद्योगिकियों में विश्वस्त आपूर्ति शृंखला के महत्त्व पर भारत और जापान के बीच हुई बातचीत की उपयोगिता समझी जा सकती है। इस संदर्भ में देखें तो तकनीक और निवेश के लिहाज से जापान की एक खास जगह है, लेकिन सेमीकंडक्टर के मामले में भारत की कोशिश अब पूरी तरह आत्मनिर्भर होने की है। यह बेवजह नहीं है कि जापानी प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के साथ सहयोग तेजी से बढ़ने के साथ-साथ जापान के लिए भी महत्त्वपूर्ण आर्थिक अवसर पैदा होने की उम्मीद जताई। फिलहाल जापान जी-7 और भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर इन दोनों समूहों की जो भूमिका है, उसमें स्वाभाविक ही यह विचार का केंद्रीय बिंदु है कि आने वाले वक्त में अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत और जापान को क्या भूमिका निभानी चाहिए।

# किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली आठ एएनएम

## विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

किच्छा (उद संवाददाता)। सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में बुधवार को 8 नयी एएनएम की तैनाती हुयी। जिनको किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के प्रतिनिधि गौरव बेहड व किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने सयुंक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किये तथा सभी एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए गौरव बेहड ने सभी नवनियुक्त एएनएम को बधाई देते हुए कहा कि एएनएम का कार्य होता है कि वह अस्पताल या स्वास्थ्य कार्यक्रम या परियोजना के अनुरुप मरीजों एवं महिलाओं को सुरक्षित एवं कारगर देखभाल करे साथ ही, राष्ट्रीय रूप से चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग करे सभी अपने कार्य को बड़ी लगन वा ईमानदारी से करेंगे वा क्षेत्रवासियों की दिल से सेवा करेंगी ऐसी उन्हें आशा और विश्वास



भी है साथ ही उन्होंने कहा के बड़े हर्ष का विषय है किच्छा चिकित्सालय में एएनएम स्टाफ कि नियुक्ति हुई है , किच्छा चिकित्सालय में काफी समय से स्टाफ बढ़ाने की मांग तथा जरूरत थी। उन्होंने कहा कि किच्छा विधायक तिलकराज बेहड का पूरा प्रयास है कि किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जल्द से जल्द उच्चीकरण कराया जाए और भी स्टाफ बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके,उन्होंने पुन: नवनियुक्त के नाम तथा क्षेत्र वासियों को बधाई दी। इस मौके पर डॉ आर के दुबे (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ अश्विनी चौबे( सर्जन ), मिस्टर आरपी सिंह ब्लॉक मैनेजर,ओम प्रकाश दुआ तथा समस्त स्टॉफ कर्मी उपस्थित रहे।

# शराब के दाम कम करने के खिलाफ कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। शराब के दाम कम करने के विरोध में यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए भवानीगंज स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर सरकार का पुतला दहन किया। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी शराब के दाम कम करके उत्तराखण्ड को नशे की गर्त में धकेल रही है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का विरोध करते हुए महंगाई पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने शराब के दाम कम नहीं किये तो उग्र आंदोलन किया



मोहम्मद अकरम ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ बढ़ती महंगाई से आम जनता पूरी तरह त्रस्त है। सरकार ने बच्चों की स्कूल कॉपी किताब के साथ ही गैस सिलेंडर पानी एवं बिजली ,खाद्य सामग्री के दामों में बेतहाशा वृद्धि की है। जरूरी चीजों के दाम करने के बजाय सरकार जायेगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, अनिल अग्रवाल खुलासा, विनय पडालिया, किशोरी लाल, महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट, जावेद, सभासद विमला आर्य, सभासद सादिक हुसैन, नवीन सुनेजा, सभासद अजमल,ओम प्रकाश, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के निर्देश पर मां और बेटे के खिलाफ किडनैपिंग का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विवाहिता के अपहरण मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर पति व सास के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। लगभग 3 माह से गायब विवाहिता का कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर गंगे बाबा रोड, मंगा बस्ती निवासी नूरे सुबा पत्नी बब्बू ने बताया कि वर्ष 2022 की 11 दिसंबर को अपराहन बाद लगभग 3:30 बजे उसकी पुत्री सोनम उर्फ फरजाना पत्नी नफीस कपड़े सिलवाने के लिए गैबिया बस्ती की ओर गई लेकिन वापस घर नहीं लौटी। इस दौरान तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद भी आज तक उसका कहीं कोई पता नहीं चला। न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि गायब विवाहिता का उसके पति नफीस पुत्र हफीज निवासी गंगे बाबा रोड से पारिवारिक मामले को लेकर विवाद चल रहा था। महिला ने कोर्ट को बताया कि उसकी पुत्री विवाद के कारण अपने मायके में रहा करती थी। महिला ने कोर्ट के समक्ष आशंका जताई कि नफीस ने अपनी मां हसीना के साथ हमसाज होकर उसकी पुत्री को मौत के घाट उतार दिया। शिकायत करने वाली महिला ने कोर्ट को बताया कि पारिवारिक विवाद के बाद नफीस ने कई बार उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। महिला ने कोर्ट को यह भी बताया कि घटना की तत्काल बाद वह स्थानीय पुलिस के समक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुंची लेकिन पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने जिले के एसएसपी को भी लिखित शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस कप्तान ने भी प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया अंतत: मजबूर होकर उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए इसी पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने मां बेटे के खिलाफ धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए हैं।

# पानी को लेकर अगला विश्वयुद्ध

## 22 मार्च: विश्व जल दिवस पर विशेष

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश



लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरुआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी की महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए। लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है। गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ घ्तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। वस्तुत: पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून। वर्षों पुराना यह दोहा कभी नीतिवाद से प्रेरित लगता था, लेकिन आज यह सच साबित होता दिख रहा है। बढ़ते जल संकट को लेकर पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा का यह कहना था कि, अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर लड़ा जाएगा। भविष्य में पानी के भयावह संकट की चेतावनी दी थी। यह हूबहू चरितार्थ हो रही है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

# पुड़कुनी ग्राम समूह पम्पिंग योजना का विधायक ने किया भूमि पूजन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुड़कुनी ग्राम समूह पम्पिंग योजनाका विधायक सुरेश गढ़िया ने नौ करोड़ 96 लाख की लागत से बनने वाले पेयजल पम्पिंग योजना का विधिवत भूमि पूजन किया।विधायक गढ़िया ने कहा कि केंद्र सरकार हर घर जल हर घर नल के तहत सभी लोगों को पेयजल व्यवस्था दी जा रही है। योजना के द्वारा तीन ग्राम पंचायतों पुड़कुनी,चलकाना,



कफौली के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान होगा। योजना से 550 परिवारों में पानी की पूर्ण आपूर्ति हो जाएगी। हमारा लक्ष्य विकास की मुख्य धारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों का समग्र एवं सर्वांगीण विकास करना है। इसके लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध है।इस दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव,चम्पा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्षभुवन गढ़िया,आनंद मेहता,जीवन शाही,हरीश शाही,सूबेदार नंदन सिंह सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, पेयजल निगम के अधिकारी मौजूद थे।

# केदारनाथ धाम में भैरव गदेरे में टूटा ग्लेशियर

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है । यहां केदारनाथ पैदल मार्ग पर भैरव गदेरे में ग्लेशियर टूट गया है । बताया जा रहा है कि ऐसें मं पैदल मार्ग पर एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने से आवाजाही को फिलहाल रोक दिया है । बता दे कि पिछले एक हफ्ते से केदारनाथ धाम में बर्फबारी हो रही है जिसके चलते लगातार वहां के श्रमिक पैदल मार्ग को साफ करने में लगे हुए हैं । वहीं आज ग्लेशियर टूटने से पैदल मार्ग का एक हिस्सा भी टूट गया है जिसको साफ करने में श्रमिक लगे हुए हैं । केदारनाथ धाम में पुनर्निमाण का कार्य भी जारी है लेकिन बारिश और बर्फबारी ने वहां की मुश्किलों को बढ़ा दिया है । वहीं आज ग्लेशियर टूटने से जिस रास्ते को कल तक मजदूर साफ कर शानदार बना चुके थे वो आज फिर से टूट जाने से श्रमिक भी परेशान है ।

**कविता दिवस**

मैं और मेरी कविताएं
कब जन्मी, कैसे रूप लिया अर्चभित
हूँ। कविताएं मेरी सखी
कविताएं मेरी भावनाओं का समंदर,
कभी जो हो जाऊँ व्यथित,
शब्द लेते है रूप असीमित,
कविताओं में होकर संगम
बुझा जाती है प्यास अकेलेपन की,
कविताएं अनंत खुशियों का अम्बार
कविताऐ मेरे लिए.. मेरा दूजा परिवार
मेरी कविताएं मेरे ह्रदय का संताप
मेरी कविताएं मेरे जीवन का संचार..
कविताएं अल्फाजो का गहरा समंदर
मोतियों सी निखरी,साहिल को मिलती
कविताएं अनंत प्रेम का अम्बार
कवितायें लेखक के मन का संचार
मेरी कविताएं, सहज सरल स्वभाव सी,
गंगा सी निर्मल धारा बहती
मन को शीतलता देती
मेरी कविताएं......

**निकेता पाहुजा**
**रुद्रपुर, उत्तराखंड**

**सूचना संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मंजीत खत्री नशे में पड़ कर परिजनों से झगड़ा करता है। मेरा कहना नहीं मानता। उसके कृत्यों से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में मंजीत खत्री द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**गोबिंद लाल**
**निवासी- न्यू सफाईवाला ,**
**क्वार्टर कैंट एरिया, अल्मोड़ा**

# नवरात्र व रमजान पर्व को लेकर पुलिस की धर्म गुरुओं संग बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवरात्र एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की एक बैठक कोतवाली सभागार में आयोजित की गई। जिसमे दोनों ही धर्मों अवगत कराते हुए कहा कि उसका अनुपालन किया जाए। उन्होंने नगर निगम को सफाई व्यवस्था एवं जल संस्थान को पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आदेशित किया। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि कितने डेसीबल आवाज के साथ प्रयोग कर सकते हैं। धर्मगुरु की आम सहमति के साथ आश्वासन दिया गया है कि कानून को अपने हाथ में नहीं लेंगे एवं कानून नियमों का पालन करते हुए धार्मिक आयोजनों को संपन्न करेंगे।



के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि सभी धर्म गुरुओं के साथ एक अहम बैठक की गई है। उनके द्वारा आगामी त्योहारों माहे रमजान एवं नवरात्रि को लेकर नगर निगम जल संस्थान व अन्य विभागों निर्देशित किया गया। उन्होंने ध्वनि यंत्र संबंधित मानकों से सभी को न्यायालय के आदेशों से आगामी माहे रमजान एवं नवरात्रि को लेकर सभी धर्मगुरु को पुलिस प्रशासन एवं शासन से जो अपेक्षाएं हैं उनसे अवगत कराते हुए कानून के नियमों का पालन व करने को कहा गया। उन्होंने बताया 15 दिन से अधिक की अनुमति शासन प्रशासन द्वारा नहीं दी जा सकती है। वही उनके द्वारा यह भी बताया गया है कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि यंत्र एसपी सिटी हरबंस सिंह के द्वारा सभी प्रदेशवासियों को माहे रमजान एवं नवरात्रों की शुभकामनाएं भी दी गई। बैठक में एसआई विजय मेहता, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, काठगोदाम थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक, मुखानी थानाध्यक्ष रमेश बो, चौकी प्रभारी राजपुरा दिनेश जोशी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें छात्राएं: राणा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय महिला स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के तहत नमामि गंगे एवं अर्थ गंगा के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया स जिसमें मुख्य वक्ता निर्मल सिंह राणा आई टी प्रोफेशनल एंड प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा नमामि गंगे में पंजीकृत छात्राओं को स्वच्छता से संबंधित व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि जब वह इंडिया से बाहर गए तो उन्होंने देखा कि वहां के लोगों में अपने देश की



स्वच्छता को बनाए रखने के लिए एक जुनून है स वे लोग एक भी रैपर को जमीन पर नहीं गिराते हैं। अगर उन्हें कहीं पर कोई एक टॉफी का रैपर भी गिरा हुआ मिलता है तो वे उसे उठाकर तुरंत अपनी जेब में रख लेते हैं और डस्टबिन दिखाई देने पर उसमें डाल देते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने गंदगी से होने वाले नुकसान भी छात्राओं को बताएं और स्वच्छता बनाए रखने व लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त नमामि गंगे की सभी सदस्यों द्वारा छात्राओं को स्वच्छता पर व्याख्यान दिया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित द्वारा छात्राओं को बताया गया कि इसकी शुरुआत सबसे पहले उन्हें अपने महाविद्यालय से ही करनी चाहिए और एक आदर्श नागरिक का परिचय देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नमामि गंगे समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गर्जिया मंदिर में उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

रामनगर(उद संवाददाता)।प्रसिद्ध गर्जिया देवी के मंदिर में पहले नवरात्र में भक्तों की भीड़ उमड़ी।आसपास के क्षेत्र से ही नही बल्कि दिल्ली,गाजियाबाद, मुरादाबाद,रुद्रपुर,लखनऊ से भी सुबह सुबह ही दर्शनार्थी मा गर्जिया देवी के दर्शन को रामनगर के गर्जिया मंदिर पहुंचे। बता दें कि गर्जिया देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।नवरात्रि में नवरात्र के पहले दिन रामनगर के गर्जिया देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु गर्जिया देवी के दर्शनों के लिए लाइनों में लगे दिखाई दिये। मंदिर परिसर भी माता के जयकारों से गुंजायमान रहां मंदिर परिसर में 3 दिनों से लाइट न होने पर मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पांडे ने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा आज पहला नवरात्र है और मंदिर में लाइट नहीं है। नवरात्रि के अवसर पर इसके अलावा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

# डॉ. खुल्लर का प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान मनोनीत होने पर हुआ स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रांतीय प्रतिनिधि सभा के चुनाव में डॉ. विनय खुल्लर के वरिष्ठ उप प्रधान बनने पर नव संवत्सर कार्यक्रम के उपरांत उत्तराखंड आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान आर्य प्रवक्ता डॉ विनय विद्यालंकार,



मन्त्री भूपेन्द्र, पीएल आर्य, नानक चंद लोहिया, मंजीत वालिया, विनोद मास्टर, अनुजकान्त खंडेलवाल आदि ने ओउम का पटका डाल स्वागत किया। डॉ. विनय विद्यालंकार ने कहा यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कुमाऊ गढ़वाल से डॉ. खुल्लर को चयनित किया गया। डॉ. खुल्लर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा आर्यसमाज के प्रचार प्रसार को निरंतर कार्यन्वित किया जायेगा।

# शिविर में बनाये गये व्यापारियों के लाईसेंस

गदरपुर(उद संवाददाता)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा व्यापार मंडल के सौजन्य से श्री सुहावाराम भुड्डी धर्मशाला में एक शिविर लगाया गया। शिविर में किराना, आटा चक्की, मिष्ठान, स्थाई फल विक्रेता, डेयरी, तेल, कोल्हू, मसाला विक्रेता आदि द्वारा लाईसेंस न बनाये जाने पर लाईसेंस बनाने की अपील की गयी। शिविर में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों का लाईसेंस बनाकर प्रमाण



पत्र जारी किये गये। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की आशा आर्य ने कहा कि जो लोग लाइसेंस बनाने से रह गये है वह शीघ्र ही कार्यालय से बनवा सकते है। इसके उपरान्त यदि विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, राकेश कम्बोज आदि मौजूद थे।

# नशे के इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 नशे के इंजेक्शन बरामद किए हैं। घटना के संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीरुमदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी ने गश्त के दौरान ग्राम थारी निवासी आलोक चौहान को हिरासत में



लेते हुए तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 24 प्रतिबंधित नशे की इंजेक्शन बरामद किए हैं उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दूषित पेयजल सप्लाई बंद करें : बिट्टू

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। प्रेस को जारी एक बयान में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक ने विगत एक सप्ताह से अल्मोड़ा नगर एवम ग्रामीण क्षेत्रों में जल संस्थान विभाग द्वारा की जा रही दूषित पेयजल आपूर्ति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस दूषित पानी के कारण अल्मोड़ा में पीलिया या अन्य कोई बीमारी फैली तो इसके लिए जल संस्थान के अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।उन्होंने कहा कि एक सप्ताह से जल संस्थान अल्मोड़ा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मटमैले एवं गंदे पानी की आपूर्ति कर रहा है।ऐसा प्रतीत होता है की जल संस्थान को जनता के स्वास्थ्य से कोई भी लेना देना नही है।

## पेज एक का शेष...

**दुधमुही बच्ची के साथ महिला...**पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी पहुंच गये। पति का कहना है कि तीन साल पहले उसकी शादी हुयी थी। कुछ समय से पत्नी के दिमाग का ईलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**गरीबोंको उजाड़रही...**हुए प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हमेशा व्यापारियों का उत्पीड़न होता आया है। पिछले काफी समय से प्रदेश के हजारों व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर उजाड़ दिया गया है। इतना ही नहीं अफसरशाही भी हमेशा व्यापारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण करती रही है। लेकिन सरकार में इसकी कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि अमीरों की सरकार ने रुद्रपुर में गरीबों को उजाड़ा है। इसके लिए जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हमेशा व्यापारियों के हितो की रक्षा की गई। सभा को विधायक सुमित हृदयेश, आदेश चौहान, भुवन कापड़ी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा,मीना शर्मा, हरीश पनेरू,पुष्कर राज जैन, सौरभ चिलाना, मोहन खेड़ा,संदीप चीमा, दिलीप अधिकारी, अनिल शर्मा, दिनेश भट्ट, फरीद मंसूरी, हरीश प्रधान, सर्वेश, हरपाल सिंह, सरताज अहमद, हरप्रीत सिंह, बलवंत सिंह, ज्योति टम्टा, विजय अरोरा, उमर अली,सावित्री यादव, सपना, ममता रानी, राखी जोशी, उमा सरकार, जितेन्द्र राणा, मुशर्रफ, सुमित राय, परिमल राय, संजीव रस्तोगी, ममता हालदार, बाबू खां, जगदीश जोशी, गणेश उपाध्याय, आदि मौजूद थे।

**ऐतिहासिक चैती मेले...**से रक्षा करें। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर मेले का आनन्द उठाएं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर ऊषा चौधरी, जिलाधिकारी जुगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, उप जिलाधिकारी एवम मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय तहसीलदार युसूफ अली, प्रधान पंडा श्री वंश गोपाल अग्निहोत्री, प्रमुख पंडा कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री, पंडा शिवदत्त मनोज अग्निहोत्री, पंडा संदीप अग्निहोत्री, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,राम महरोत्रा, प्रेम सहोता,जितेंद्र यादव, गुरविंदर चंडोक आदि मौजूद रहे।

**संदिग्ध हालातों में..**है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस रात्रि में शव को मोर्चरी ले गयी। सुबह पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की। मौत के कारणों का पत लगाने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# बिंदल हुंडई में लॉच हुई ऑल न्यू वरना कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा बाई पास रोड रुद्रपुर पर स्थित हुंडई कार के शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित सेडान ऑल न्यू हुंडई वरना को लॉच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि नई वरना में सेगमेंट का सबसे पावरफुल 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई पेट्रोल इंजन है, जो 117.5किलोवाट (160पीएस) / 5,500 आर/मिनट पावर और 253एनएम (25.8 केजीएम)/ 1,5003,500 आर/मिनट का टॉर्क जनरेट करता है। हुंडई ने इस कार के नए वेरिएंट में सेफ्टी फीचर्स को और भी बेहतर बनाया है इसमें 6 एयरबैग समेत 30 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर के साथ-साथ 65 से ज्यादा एडवांस्ड सेफ्टी फीचर हैं, जिनमें वीएसएम के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), हिल असिस्ट कंट्रोल (एचएसी), ऑल व्हील




डिस्क ब्रेक, ईपीबी, ईसीएम, टीपीएमएस (हाईलाइन) व अन्य शामिल हैं। ब्लूलिंक ग्राहकों को 65 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स प्रदान करती है, जो एक शानदार कनेक्टेड कार एक्सपीरियंस पर आधारित हैं। नई वरना को 3 साल के मुफ्त ब्लूलिंक सब्सक्रिप्शन के साथ पेश किया जाएगा कार के लॉच के मौके पर बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद बिंदल, राजकुमार बिंदल की ओर से महाप्रबंधक राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस नई कार की कीमत 10,89,900 रूपये से शुरू होती है। कार के लॉच के मौके पर बिंदल हुंडई के महा प्रबंधक राजीव अग्रवाल, सुरेश गुसाई, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी एवम शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आपदाओं के साथ–साथ भूकम्प हमारे प्रदेश के लिए बहुत बड़ा खतरा : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आपदा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि हिमालयी राज्य आपदा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। सिर्फ 'प्रोएक्टिव अप्रोच' से ही आपदाओं के प्रकोप को न्यूनतम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आपदाओं के साथ–साथ भूकम्प हमारे प्रदेश के लिए बहुत बड़ा खतरा है, इस तरह की आपदाओं से पूर्व चेतावनी के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग की दिशा में विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा आपदा प्रबन्धन विभाग अपने अनुभवों एवं सम्बन्धित संस्थाओं के सहयोग से एक ऐसी प्रणाली विकसित करने में सफल होगा जिससे हम आने वाले समय में अपने राज्य के साथ ही अन्य राज्यों की भी आपदाओं के दौरान मदद करने में सफल हो सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि भूकम्प के अलावा ज्यादातर आपदायें बरसात के मौसम में ही घटित होती रही हैं, परन्तु पिछले कुछ वर्षों में आपदाएं हर मौसम में आ रही हैं। इसको देखते हुये राज्य को आपदाओं का सामना करने के लिये विशेष तैयारी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला में जो भी निष्कर्ष उभरकर सामने आएंगे, वे केवल थ्योरी के लेवल पर ही नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल लेवल पर भी आत्मसात किए जाने योग्य होंगे, और हिमालयी राज्यों में आने वाली प्राकृतिक आपदा के समय आसानी से धरातल पर उतारे जा सकेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि इस कार्यशाला से जो भी निष्कर्ष निकलेंगे वे हमारे राज्य के लिए ही नहीं बल्कि अन्य हिमालयी राज्यों के लिए भी लाभप्रद होंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सविन बंसल, अपर सचिव श्री आनन्द श्रीवास्तव एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषय विशेषज्ञ मौजूद थे।





# आजीविका बढ़ाने के लिए और तेजी से कार्य किये जाए

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में टिहरी लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं के गतिमान कार्यों एवं विकासपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए कहा की समस्याओं के समाधान हेतु विभागों द्वारा की जा रही आवश्यक कार्यवाही की भी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिए जाएं व विभागीय सचिव विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बागवानी, कृषि, पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध होने से पलायन भी रूकेगा।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि विधायकगणों द्वारा जो भी जन समस्याएं रखी गई हैं, उनका हर संभव समाधान किया जायेगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, सांसद टिहरी श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह व विधायकगण एवं संबंधित विभागीय अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# माँ ज्वालाजी की पावन ज्योति का किया पुष्प वर्षा से स्वागत, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ ज्वाला जी से सम्मानपूर्वक लाई गई पावन ज्योत देर शाम यहां पहुँची। इंद्रा चौक पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां के जयघोष के साथ पुष्प वर्षा कर पावन ज्योति एवं साथ आए श्रद्धालुओं का स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने पावन ज्योति का आशीर्वाद लिया। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह 50वी मां ज्वाला जी की ज्योति का आगमन नवरात्रि पर्व पर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण की अनुभूति करता है। भक्तिमय वातावरण में माता के जयकारों पर भक्त नाचते गाते नजरआये। वही विधायक ने माँ ज्वाला जी के दिव्य ज्योत को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्थापित कर माता का पूजन अर्चन किया एवं नगर की समृद्धि व खुशहाली की मंगलकामना की। इस दौरान महेश बब्बर, नंदलाल भुड्डी, हरिचंद मिड्ढा, विजय जग्गा, ओमप्रकाश अरोरा, अमित अरोरा, रोहित जग्गा, नरेश शर्मा, रोहिताश बत्रा, योगराज बत्रा, मनोज मुंजाल, सुमित बब्बर, राजू छाबड़ा, राकेश बब्बर, वेद ठुकराल, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राजेश जग्गा, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, सुनील ठुकराल, सर्वेश रस्तोगी, सुरेश राजदेव, करमचंद, राकेश सुखीजा, आनन्द कुमार, अश्वनी बजाज, विजय विरमानी, केवल बत्रा, दीपक गुगलानी,, तिलकराज घई, राजकुमार सीकरी, रविंद्र चौहान, राजकुमार खनिजों, हरीश सुखीजा, मनीष अरोरा, बबलू पाल, भूरा पाल, प्रीति धीर, शशि अरोरा, आकांक्षा अनेजा, पिंकी ग्रोवर, सुदेश ढींगरा, ललिता कक्कड़, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, राज तागरा, राज वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो कि गत 11 मार्च को अनेक श्रद्धालु श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से बस द्वारा मां ज्वाला जी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए थे।मंदिर में आज से रोजाना रात्रि माता की चौकी तथा सायंकाल संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है जो आगामी 30 मार्च तक जारी रहेगा।







# उजाड़े गये व्यापारियों को बसाने के लिए बनेगा वेंडिंग जोन

## पुनर्वास के लिये बनाई कमेटी,कई परिवारों पर उनकी रोजी रोटी को चलाने का संकट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों एन एच की जद मे आने से हटाये गये राममनोहर लोहिया मार्किट व ठेली फड़ व्यवसायी , समोसा मार्किट के व्यवसायिों के पुनर्वास के लिए व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में जिला अधिकारी से मिला।बैठक में विधायक शिव अरोरा ने विस्तार से मामले को रखा। उन्होंने बताया लोहिया मार्किट बहुत लंबे समय से रोडवेज के सामने बसी हुई थी और उसके सामने फड़ ठेला व्यावसायी एक लंबे समय से अपनी आजीविका चला रहे थे निश्चित रूप से एका एक आये इस संकट से बहुत बड़ी संख्या में कई परिवारों पर उनकी रोजी रोटी को चलाने का संकट खड़ा हो गया है, जिसको देखते हुए विधायक शिव अरोरा ने जिला अधिकारी से मांग की इनको पुन: बसाया जाना चाहिये। बैठक में जिला अधिकारी युगल किशोर पंत ने रुद्रपुर शहर में सैकडो परिवारों की इस पीड़ा को देखते हुए विधायक शिव अरोरा की पहल पर एक कमेटी गठन करने का निर्णय लिया। इस कमेटी में 11 सदस्य जिसमे लोहिया मार्किट, समोसा मार्किट, ठेला फड़ व व्यापार मंडल के वही प्रशासन की ओर से विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग व नगर निगम के एक एक सदस्य शामिल रहेंगे। विधायक शिव अरोरा ने बताया यह कमेटी अगले दो दिन में बैठक करते हुए अपनी सहमति सुझावों से जमीन चिन्हीकरण का कार्य करेगी और उस प्रस्ताव को जल्द से जल्द पास करवाकर एनएच की जद में आने से प्रभावित व्यापिरियों को पहला वेंडिंग जोन बनाकर उनको बसाने का कार्य किया जायेगा। हालांकि वेंडिंग जोन की स्थापना और भी होनी है लेकिन पहले प्रभावित लोगों को बसाने हेतु कार्य किया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह अत्यंत गभीर विषय है और इसको पूरी प्रमुखता से करने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला अधिकारी युगल किशोर पंत, 'कउ जय भारत, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष हरीश कांडपाल, व्यापार मण्डल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, निर्मल हंसपाल,राजेश बंसल, आशु ग्रोवर, नवीन जोशी, अमित नारंग, सुरेश कोली, इंद्रजीत सिंह, मनोज मदान, सुशील गाबा, वेद ठुकराल, सुनील ठुकराल, परवेज खान, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।



ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com